भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- # 1900

उत्तर देने की तारीख- 07/08/2024

एकलव्य विद्यालय

1900 # श्री अरूण सिंह:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2019 के बाद खोले गए एकलव्य विद्यालयों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में एकलव्य विद्यालयों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2019 से एकलव्य विद्यालयों के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है; और

(ग) वर्ष 2019 से एकलव्य विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क): जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 2019-20 से अब तक 370 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) को मंजूरी दी है। वर्तमान में, देश भर में कुल 708 ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 405 स्कूलों के कार्यशील होने की सूचना है। कुल स्वीकृत ईएमआरएस का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): ईएमआरएस की नई योजना के अंतर्गत, मंत्रालय जनजातीय छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी (एनईएसटीएस) को निधियां जारी करता है जो, ईएमआरएस की योजना का प्रबंधन और कार्यान्वयन करने के लिए मंत्रालय के तहत वर्ष 2019 में बनाई गई स्वायत्त सोसाइटी है और एनईएसटीएस आगे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निर्माण एजेंसियों/राज्य सोसायटियों को ईएमआरएस के निर्माण और स्कूलों के संचालन की आवर्ती लागत के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निधियां जारी करता है। 2020-21 से पहले, यह योजना भारत के संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान के तहत एक घटक थी और ईएमआरएस की योजना के लिए कोई अलग बजट आवंटन नहीं किया गया था। 2020-21 से आगे नई ईएमआरएस योजना के तहत बजट आवंटन निम्नानुसार है:

(करोड़ रूपये में)

वित्तीय वर्ष	ब.अ.	सं.अ.	व्यय
2020-21	1313.23	1200.00	1199.98
2021-22	1418.04	1057.74	1057.74
2022-23	2000.0	2000.00	1999.98
2023-24	5943.00	2471.81	2447.61
2024-25	6399.00	--	1719.76

(ग): 2019-20 से 2023-24 तक ईएमआरएस में नामांकित छात्रों की संख्या निम्नानुसार है:

शैक्षणिक वर्ष	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
ईएमआरएस में छात्र नामांकन	73391	90520	105463	113275	123841

अनुलग्नक

"एकलव्य विद्यालय" के संबंध में श्री अरुण सिंह द्वारा दिनांक 07.08.2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1900 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक।

ईएमआरएस का सारांश

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृत ईएमआरएस की संख्या	कार्यरत (कार्यशील) ईएमआरएस की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	28	28
2	अरुणाचल प्रदेश	10	5
3	असम	15	1
4	बिहार	3	0
5	छत्तीसगढ़	75	74
6	दादरा तथा नगर हवेली और दमन तथा दीव	1	1
7	गुजरात	45	34
8	हिमाचल प्रदेश	4	4
9	जम्मू एवं कश्मीर	6	6
10	झारखंड	89	7
11	कर्नाटक	12	12
12	केरल	4	4
13	लद्दाख	3	0
14	मध्य प्रदेश	70	63
15	महाराष्ट्र	37	37
16	मणिपुर	21	3
17	मेघालय	35	0
18	मिजोरम	17	6
19	नागालैंड	22	3
20	ओडिशा	108	32
21	राजस्थान	31	30
22	सिक्किम	4	4
23	तमिलनाडु	8	8
24	तेलंगाना	23	23
25	त्रिपुरा	21	6
26	उत्तर प्रदेश	4	3
27	उत्तराखंड	4	4
28	पश्चिम बंगाल	8	7
	कुल योग	**708**	**405**

*****